बिहार विधानसभा में 26,086 करोड़ रुपए का दूसरा अनुपूरक बजट पेश

चर्चा में क्यों?

6 नवंबर, 2023 को बिहार विधानमंडल के शीतकालीन सत्र के पहले दिन वित्त मंत्री विजय कुमार चौधरी ने 26,086 करोड़ रुपए का द्वितीय अनुपूरक बजट सदन में पेश किया। इसके साथ ही बिहार राज्य माल एवं सेवा कर विधेयक 2023 भी पटल पर रखा गया।

प्रमुख बिंदु

- विदित हो कि नौ महीने में नीतीश सरकार द्वारा पेश किया गया ये दूसरा अनुपूरक बजट है। वित्त मंत्री विजय चौधरी द्वारा फरवरी में 2.61 लाख करोड़ रुपए का बजट पेश किया गया था। जिसके बाद मॉनसून सत्र में 10 जुलाई को 43,774 करोड़ रुपए का पहला अनुपूरक बजट पेश किया गया था।
- 26,086 करोड़ रुपए के द्वितीय अनुपूरक बजट के बाद बिहार का कुल बजट अब 3.30 लाख करोड़ रुपए से अधिक हो गया है।
- पेश किये गए अनुपूरक बजट 2023-24 के 26,086 करोड़ रुपए में से वार्षिक स्कीम मद में 16 हज़ार करोड़ रुपए से अधिक, स्थापना प्रतिबद्ध व्यय में 10 हज़ार करोड़ रुपए से अधिक और केंद्रीय क्षेत्र स्कीम मद में 60 करोड़ रुपए शामिल है।
- अनुपूरक बजट में केंद्रीय प्रायोजित स्कीम में केंद्रांश के लिये वार्षिक योजना मद के 16000 करोड़ रुपए में से केंद्र प्रायोजित योजना का केंद्रांश 2,288 करोड़ रुपए और राज्य का हिस्सा 4,828 करोड़ रुपए यानी कुल राशि 7,116 करोड़ रुपए है।
- राज्य स्कीम में वार्षिक योजना मद के 16000 करोड़ रुपए में से राज्य की योजना के लिये कुल राशि 8,900 करोड़ रुपए है।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/second-supplementary-budget-of-rs-26,086-crore-presented-in-bihar-assembly